# कार्यालय संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल

E-mail Id - dirknhbho@mp.gov.in Ph.No. 0755-2731261

क्रमांक / 1914 / संचा / कनेचि / जेडीस्था–3 / 2025 भोपाल, दिनांक 17/6/25

**दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित तृतीय श्रेणी के स्टाफ नर्स, एम.एस.डब्ल्यू., ड्रेसर, डाटा एंट्री ऑपरेटर सह रजिस्ट्रेशन क्लर्क एवं टेलीफोन ऑपरेटर पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 / 06 / 2025**

मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अंतर्गत संचालित चिकित्सा इकाईयों में दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित तृतीय श्रेणी के **कुल 06 पदों** की पूर्ति किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट **www.bgtrrdmp.mp.gov.in** से डाउनलोड कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

17/6/25

**संचालक**
कमला नेहरू चिकित्सालय,
गैस राहत, भोपाल

# कार्यालय संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत,

**पंचम–तल, लेक व्यू साईड, हमीदिया हॉस्पिटल कैम्पस भोपाल–462001 भोपाल**

E-mail Id - dirknhbho@mp.gov.in Phone no. - 0755-2731261

क्रमांक / 1914 / संचा. / कनेचि. / जे.डी.स्था.–3 / 2025 भोपाल, दिनांक 17/6/25

**दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित तृतीय श्रेणी के स्टाफ नर्स, एम.एस.डब्ल्यू., ड्रेसर, डाटा एंट्री ऑपरेटर सह रजिस्ट्रेशन क्लर्क एवं टेलीफोन ऑपरेटर पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 / 06 / 2025**

मध्यप्रदेश शासन भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अंतर्गत संचालित चिकित्सा इकाईयों में दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित तृतीय श्रेणी के रिक्त पदों की पूर्ति मेरिट के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 30 जून, 2025 सायं 05:00 बजे तक है। दिव्यांगजन के रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है:–

| स. क्र. | पदनाम | वेतनमान | दिव्यांगजनों हेतु रिक्त पदों का विवरण | | निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पदों के संवर्ग | संख्या | |
| 1. | स्टाफ नर्स | 28700-91300 (L-7) | LD (लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं, सेरेब्रल पॉल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी) | 01 | 1. बी.एस.सी. नर्सिंग अथवा जनरल नर्सिंग प्रशिक्षित<br>2. नर्सिंग कौंसिल में पंजीयन |
| 2. | एम.एस.डब्ल्यू. | 28700-91300 (L-7) | LD (लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं, सेरेब्रल पॉल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी) | 01 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र / मेडिकल सोशल वर्कर (एम.एस.डब्ल्यू.) में स्नातकोत्तर उपाधि। |
| 3. | ड्रेसर | 19500-62000 (L-4) | EH (बहरे और कम सुनने वाले) | 01 | 1.हॉयर सेकेण्ड्री परीक्षा 10+2 शिक्षा पद्धति में विज्ञान समूह में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण<br>2.मान्यता प्राप्त संस्था से 03 माह का ड्रेसिंग प्रशिक्षण |
| 4. | डाटा एंट्री ऑपरेटर सह रजिस्ट्रेशन क्लर्क | 22100-70000 (L-5) | LD (लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं, सेरेब्रल पॉल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी) | 01 | (1) स्नातक (किसी भी विषय में)<br>(2) मान्यता प्राप्त वि.वि / संस्थाओं से एडवांस कम्पयूटर कोर्स<br>(3) ऑनलाईन डाटा एंट्री का 02 वर्ष का अनुभव<br>(4) मिनी / माइक्रो कम्पयूटर हेन्डल करने का अनुभव<br>(5) प्रोग्रामिंग का ज्ञान |
| 5. | टेलीफोन ऑपरेटर | 19500-62000 (L-4) | LD (लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं, सेरेब्रल पॉल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी) | 01 | 1. हॉयर सेकेण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण<br>2. आई.टी.आई. या मान्यता प्राप्त संस्था से टेलीफोन ऑपरेटर का अनुभव |
| | | | VH (दृष्टि बाधित और कम दृष्टि) | 01 | |
| **कुल पद** | | | | **06** | |

आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य शर्तें विभागीय वेबसाईट **www.bgtrrdmp.mp.gov.in** से डाउनलोड किये जा सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन पोस्ट अथवा सीधे कार्यालय में स्वीकार्य होंगे। आवेदक का चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा, जिसकी सूचना आवेदन पत्र में दर्शाये गये पते पर स्पीड–पोस्ट, ई–मेल अथवा मोबाईल नम्बर पर दी जावेगी। किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्राधिकार जिला भोपाल रहेगा।

**<u>संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास, भोपाल द्वारा अनुमोदित।</u>**

17/6/25

(डॉ.एस.एस.राजपूत)
संचालक
कमला नेहरू चिकित्सालय,
गैस राहत, भोपाल

**आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ एवं जानकारी संलग्न करना अनिवार्य है:–**

1. आवेदन पत्र के साथ कक्षा 10वीं. एवं 12वी. की अंकसूची तथा पद की निर्धारित शैक्षणिक अहर्ताओं से संबंधी अंकसूची एवं प्रमाण–पत्र तथा पासपोर्ट साईज़ के 02 फोटोग्राफ्स।
2. मध्यप्रदेश का मूल / स्थाई निवासी होने के प्रमाण–पत्र।
3. जाति प्रमाण–पत्र। (आरक्षित श्रेणी के आवेदकों के लिए अनिवार्य)
4. आयु सीमा–18 से 45 वर्ष (सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 04 जुलाई 2019 अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट समाहित है) आयु सीमा की गणना दिनांक 01.01.2025 के आधार पर की जायेगी।
5. डिजिटल दिव्यांगता प्रमाण–पत्र। भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 05.05.2021 द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार दिनांक 01.06.2021 से समस्त दिव्यांगता प्रमाण–पत्र केवल यू.आई.डी. पोर्टल https://www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से नियमानुसार जारी किये गये डिजिटल प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे। **दिव्यांगता का प्रतिशत 40% अथवा अधिक होना चाहिए।**
6. रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र।
7. शासकीय विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
8. विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह करने वाले आवेदक नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। जिस आवेदक की 02 से अधिक संतान हैं, उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो आवेदन करने के लिये पात्र नहीं होगा।
9. सभी दस्तावेज़ों को स्व–प्रमाणित (Self-attested) करना अनिवार्य है।

**नोट:–**

1. आवेदन पत्र 30 जून, 2025 तक ऊपर दिये गये कार्यालय के पते पर स्वयं प्रस्तुत करें अथवा पंजीकृत डाक से लिफाफे के ऊपर **"दिव्यांगजन के पद हेतु आवेदन–पत्र"** अंकित करते हुए भेजें। किसी भी स्थिति में निर्धारित अंतिम दिनांक को सायं 05:00 बजे पश्चात् आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक द्वारा विलंब से प्राप्त आवेदनों को मान्य नहीं किया जायेगा तथा अपूर्ण / त्रुटिपूर्ण भरे हुये आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।
2. म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय के परिपत्र क्रमांक सी 3–13 / 2019 / 3 / एक भोपाल दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 के अनुसार परिवीक्षा अवधि में विज्ञापित पद के वेतनमान के न्यूनतम का प्रथम वर्ष में 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष में 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष में 90 प्रतिशत राशि, स्टायपेंड के रूप में देय होगी।
3. आवेदक को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अंतर्गत संचालित किसी भी चिकित्सा इकाई में पदस्थ किया जा सकेगा।
4. आवेदक द्वारा असत्य / भ्रामक / मिथ्या जानकारी अथवा दस्तावेज़ प्रस्तुत किये जाने अथवा किसी भी कारण से नियम विरुद्ध नियुक्ति हो जाने पर, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।
5. नियुक्ति संबंधी सभी अधिकार संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल के पास सुरक्षित होंगे।

**संचालक, गैस राहत एवं पुनर्वास, भोपाल द्वारा अनुमोदित।**

7/6/25

(डॉ.एस.एस.राजपूत)
संचालक
कमला नेहरू चिकित्सालय,
गैस राहत, भोपाल

# आवेदन का प्रारूप

प्रति,
संचालक, कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत,
पंचम तल, लेक–व्यू–साईड, हमीदिया चिकित्सालय परिसर,
भोपाल–462001
E-mail ID-dirknhbho@mp.gov.in / directorknh@gmail.com Phone no:-0755-2731261

1. आवेदित पद का नाम :
2. आवेदक /आवेदिका का पूरा नाम :
3. आवेदक /आवेदिका के पिता/माता का नाम :
4. जन्म तिथि (10वीं की मार्कशीट के आधार पर) : वर्ष.................. माह...................... दिन..................
5. जाति :
6. आवेदक का मोबाईल नम्बर :
7. आवेदक का ई–मेल आई.डी :
8. यदि आवेदक विवाहित है तो विवाह के प्रमाण–पत्र के अनुसार दिनांक :
9. जीवित बच्चों का विवरण :
10. वर्तमान डाक का पूरा पता :

11. स्थाई पता :

12. दिनांक 01/01/2025 को आयु : वर्ष........... माह................. दिन................
13. रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक :
14. दिव्यांगता का डिजिटल प्रमाण–पत्र क्रमांक एवं दिनांक : दिव्यांगता का प्रकार (LD/ EH/VH):
    दिव्यांगता का प्रतिशत :
    शासकीय जिला चिकित्सालय का नाम जहाँ के मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाण–पत्र जारी किया गया :
    **(दिव्यांगता का डिजिटल प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करें अन्यथा आपका आवेदन अमान्य किया जावेगा)**

15.शैक्षणिक योग्यता (विज्ञापित पद की निर्धारित योग्यता अनुसार अंकित की जावे) :

| स.क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष | विषय | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

15. अतिरिक्त विशेष योग्यता / अनुभव यदि हो तो :

16. उपरोक्त विवरण के संबंध में सभी प्रमाण–पत्रों की छायाप्रतियाँ स्व–प्रमाणित कर प्रस्तुत करें।

आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा पता

## घोषणा–पत्र

मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है। वह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरा आवेदन निरस्त माना जावेगा।

दिनांकः–
स्थानः–

आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा पता